

मास्टर आयुष्मान
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
राजकीय प्राथमिक विद्यालय
बच्चों! आयुष्मान का अर्थ क्या होता है?
आयुष्मान का अर्थ स्वास्थ्य होता है
मेरे दादाजी मुझे चरण स्पर्श करने पर आयुष्मान होने का आशीर्वाद देते हैं
बच्चों 'आयुष्मान' का मतलब होता है लम्बी आयु...
बेटी बचाओ
और, आयुष्मान भारत, सरकार द्वारा चलायी जा रही एक योजना है जिसके तहत लोगों का मुफ़्त उपचार होता है
आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत देश के 10.74 करोड़ परिवारों को सालाना 5 लाख रूपये तक का मुफ़्त स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY


सर, मैंने प्रधानमंत्री जी को रेडियो पर आयुष्मान भारत के बारे में बताते हुए सुना था
सही कहा, भारत !
आप सभी खुद इसके बारे में इस लीफलेट में पढ़िए और घर में सबको बताइए!
जी सर, भारत ने टीचर की दी लीफलेट को अपनी इतिहास की पुस्तक में रख लिया
अरे! हमारा मित्र जय आजकल स्कूल क्यों नहीं आ रहा?
छुट्टी के बाद ...
मैं आज जय के घर जाकर देखता हूँ!


नमस्ते चाची, आजकल जय स्कूल क्यों नहीं आ रहा?
उसकी तबीयत बहुत खराब है बेटा!
क्या हुआ?
उसके दिल में छेद है...
आपने डॉक्टर को दिखाया?
हाँ, पर इलाज में बहुत पैसे लगेंगे! अभी हमारे पास पैसों का इंतज़ाम नहीं हो पा रहा!
तभी-
सुनो ! आज बैलों को बेचने के बाद भी...ज़्यादा पैसों का इंतज़ाम नहीं हुआ!!
चिंता मत करिये! सब हो जाएगा


भारत घर पर रखी अपनी गुल्लक तोड़कर उसमें रखे पैसे गिनता है..
बस, 70 रूपए!
अरे, गुल्लक तोड़ दी? साइकिल नहीं लेनी?
भारत, मित्र जय के बारे में मम्मी को सब बताता है
अगली सुबह
क्या हम उनकी मदद नहीं कर सकते?
काश ! कर सकते, बेटा !
बां..बां..
अरे भारत जाओ... गाय के चारा खाने का समय हो गया!


गाय को चारा खिलाते हुए..
कल अगर मैं भी बीमार हुआ, तो आनंदी-सुरभी को भी बेचना पड़ेगा...
नहीं!
अगले दिन, स्कूल में-
भारत, हमारे देश की राजधानी कहाँ है?
आनंदी और सुरभी को मत बेचो! मत बेचो!
ह.. हा.. हा...
भारत! ध्यान कहाँ है तुम्हारा?
भारत, जय के बारे में सब बताता है...


बच्चों! हम सभी से जो भी बन पड़े, जमा करते हैं...
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
धन्यवाद! इससे कुछ मदद तो हो ही जायेगी!
जय के घर मदद देते हुए
जय का ईलाज हो जाएगा न?
हाँ बेटा, लेकिन हमें बहुत पैसों की ज़रूरत है...
तभी जय के पापा आते हैं...
कुछ बात बनी?
ज़मीन बेचने के अलावा कोई और रास्ता नहीं दिख रहा है
खरीदने वाले सही रकम देने को तैयार नहीं हैं. एक-दो लोगों से बात चल रही है, भगवान मदद करेंगे...
!!??



भारी मन से भारत घर वापस आकर लेट जाता है...
लेटकर उठने के बाद वो पढ़ने बैठता है और इतिहास की किताब उठाता है, जिससे लीफलेट नीचे गिरते हैं...
इतिहास
भारत लीफलेट उठाकर पढ़ता है
अरे! यहाँ तो टोल फ्री नम्बर लिखा हुआ है!
दिए गए नंबर पर फोन करता है....
हेल्पलाइन नंबर 14555
दूसरी तरफ आयुष्मान भारत कॉल सेंटर एग्ज़ीक्यूटिव
आप अपना राशन कार्ड संख्या/HHD नंबर बतायें
आयुष्मान भारत कॉल सेंटर
मैं अपनी मम्मी से पूछ कर बताता हूँ कृपया आप फोन पर ही रहें !
हमार राशन कार्ड संख्या क्या है
राशन कार्ड लाती हूं बेटा




आप योजना में पात्र लाभार्थी हैं। कोई पहचान पत्र (आईडी कार्ड) ले जाकर नज़दीकी जनसेवा केन्द्र अथवा सरकारी या सूचीबद्ध प्राइवेट अस्पताल में जाकर आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं
और.. मुफ़्त इलाज करवा सकते हैं
भारत अपनी मम्मी का हाथ खींचकर
मम्मी, जल्दी चलो!
अरे, अरे!!!!!!
जन सेवा केंद्र
ये लीजिये हमारा राशन कार्ड!
ये लीजिये आपका आयुष्मान कार्ड इशू हो गया. अब आप आयुष्मान भारत योजना का लाभ उठा सकते हैं
धन्यवाद!!!
pmjay.gov.in


दूसरे दिन, क्लास में...
भारत, चार ऋतुओं के नाम बताओ?
आनंदी और सुरभी को अब बेचना नहीं पड़ेगा !
हा हा हा!!!
!!!??
कल आयुष्मान भारत योजना के तहत हमें आयुष्मान कार्ड मिला
अब किसी के बीमार होने पर हमें अपनी प्यारी गायों को बेचना नहीं पड़ेगा!
आयुष्मान कार्ड के बारे में बतलाने के लिए धन्यवाद!
बेटी बचाओ
बेटी पढाओ


शाम को भारत जय के घर जाता है...
ज़मीन का अभी तक कोई खरीदार नहीं मिला!
काका ! अब ज़मीन बेचने की कोई ज़रूरत नहीं
क्या..!!??
ये देखिये!
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
PM-JAY
क्या सचमुच आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत मुफ़्त इलाज होता है...
क्या आपके पास राशन कार्ड है
हम्म्म! हमारे पास' राशन कार्ड तो है
आप एक बार अस्पताल चलिए
अभी तो देर हो गई.. कल चलेंगे



नहीं, मैंने पढ़ा था आयुष्मान कार्ड किसी भी समय बन सकता हैं
सब अस्पताल जाते हैं...
प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र
AB PM-JAY Kiosk
आपका नाम क्या है? आपके पिताजी का नाम क्या है?
आपके गाँव का नाम क्या है?
प्रधानमंत्री जन आरोग्य
आयुष्मान भारत
PM-JAY
आपका नाम mera.pmjay.gov.in वेबसाइट पर मिल गया...
मैं आपकी जानकारी के लिए बता दूँ के आप 14555 पर कॉल करके या mera.pmjay.gov.in वेबसाइट पर जाकर खुद भी अपनी पात्रता की जाँच कर सकते हैं...



थोड़े ही समय में, दस्तावेज़ों के सत्यापन के बाद....
आपके दस्तावेज़ों का सत्यापन हो गया है, ये रहा आपका आयुष्मान कार्ड
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
आयुष्मान भारत
PM-JAY
अगले दिन जय अस्पताल में भर्ती हो जाता है..
उसका इलाज शुरू होता है...
OPERATION
THEATER
सभी दवाओं और भोजन की निःशुल्क व्यवस्था होती है...
7 दिनों के बाद
अब आप जय को घर ले जा सकते हैं..


ये लीजिये दवाईयाँ. 15 दिनों तक देते रहिएगा...
और.. 15 दिनों के बाद इसे पुनः जाँच के लिए ले आइएगा!


बहुत बहुत धन्यवाद आपका... ये कुछ पैसे....
नहीं, नहीं! योजना लाभार्थियों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क है..
आपकी वजह से हमारा बेटा हमें वापस मिल गया...



23 सितंबर, स्कूल में...
आज से हम भारत को 'मास्टर आयुष्मान' पुकारेंगे...
जय


अब ताऊ जी आप सबसे कुछ कहना चाहेंगे...
दोस्तों, अगर आयुष्मान भारत योजना पहले आ गई होती, तो मोटू मोटू न रहता और पतलू पतलू न होता..
अब आपके दोस्त मोटू और पतलू कुछ कहना चाहेंगे...
मोटू पतलू में नोंक-झोंक-
घसीटा राम का तीस साल का अनुभव भी काम न आया...
अरे भाई अब तो अपना ईलाज करा ले...
हाँ भाई...
दोस्तों, आज से हम हर महीने एक स्वास्थ्य फेरी का आयोजन करेंगे, जिसमें हम लोगों को आयुष्मान भारत योजना के बारे में जानकारी देंगे...
अगर हर एक व्यक्ति एक और व्यक्ति को इस योजना के बारे में बता कर लाभ दिलवा सकें, तो बहुत अच्छा होगा...
लाखों को मिल रहा मुफ़्त उपचार
बढ़ रहा आयुष्मान भारत परिवार
क्या आप लाभार्थी हैं, जानने के लिए
या
हम सब आपके साथ हैं ताऊजी...



पंजाब
लो आ गया पंजाब.
!!
बिहार में आठवीं पास करने के बाद भारत आगे की पढ़ाई के लिए...पंजाब के एक छोटे शहर में आ गया...वहाश उसके पिताजी धान बोने का काम करने लगे..
नए सरकारी स्कूल में...
अरे परम, तुम? गाँव से यहाँ कब आये?
आगे की पढ़ाई जो करनी थी! तेरे पीछे-पीछे आ गया!
चल, शाम को घर आना
शाम को, परम के घर पर ...
वाह! क्या पकौड़े बनाये हैं चाची, और मिलेंगे?
परम की मम्मी उठती हैं... और... लड़खड़ाती है
आह!!!!


मम्मी के घुटनों में कुछ परेशानी हो गयी है! उन्हें चलने में तकलीफ होती है...
परम, तुम्हें जय और 'आयुष्मान भारत' वाली बात याद है?
ओह! हाँ! याद आया! आयुष्मान कार्ड बनवाकर हम जल्द ही माँ का इलाज करवा सकते हैं
लेकिन बेटा, उसके लिए तो गाँव जाना पड़ेगा, और बुआई पूरी होने से पहले हम कहीं नहीं जा सकते...
तभी...
जाने का कोई फायदा भी नहीं...
कार्ड मिलने से पहले की बीमारियाँ, बीमा में नहीं आती...
अगले दिन...
टमाटर अच्छे मिल गए...
हाँ, ककड़ी भी..


Mediquick Hospital
बीमार ना रहेगा अब लाचार
बीमारी का होगा मुफ्त उपचार
14555/1800111565
अरे, देखो परम, यह तो सरकारी अस्पताल नहीं है.. फिर यहाँ आयुष्मान भारत का बोर्ड क्यों लगा हुआ है? ...
कहीं ये लोगों को आयुष्मान भारत के नाम पर ठग तो नहीं रहे हैं...तू घर जा, मैं अंदर जाकर देखता हूँ...
गेट पर...
ऐ लड़के, भाग यहाँ से!
भगाते क्यों हो? मेरे पास आयुष्मान कार्ड है...
ओह! आओ, आओ!
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बूथ पर, आरोग्य मित्र से...
बाहर आयुष्मान भारत का बोर्ड देखा! क्या यह योजना सिर्फ़ सरकारी अस्पतालों के लिए नहीं है?
पूछताछ
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat
PM-JAY
नहीं! ये योजना सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों के लिए है...
आरोग्य मित्र


ये देखो, मेडिक्विक आयुष्मान भारत के तहत सूचीबद्ध अस्पताल
वाह! तो मैं निजी अस्पताल में जाकर अपने कार्ड का लाभ उठा सकता हूँ?
हाँ! पूरे देश में सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में आप आयुष्मान भारत के तहत मुफ़्त ईलाज करवा सकते हैं
इसका मतलब.. परम की माँ को वापस बिहार जाने की ज़रूरत नहीं है
वो अपना ईलाज यहीं पंजाब में करवा सकती हैं
वाह! आपने तो खुश कर दिया, दोस्त!
आयुष्मान भारत
आरोग्य मित्र से सारी जानकारी लेकर परम के घर की ओर चल दिया


परम के घर पर...
सुशीला की बिटिया बड़ी बीमार है
कौन? आयुषी?
जो आयुष्मान भारत के अस्पताल में पैदा हुई थी?
हाँ! वही!
चलिए उसे अस्पताल ले चलते हैं...
सब अस्पताल पहुँचते हैं....



अस्पताल में आरोग्य मित्र जानकारी लेता है....
बच्ची का जन्म प्रमाण पत्र लाइए...
लीजिए!
जन्म प्रमाण पत्र
प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना
अब इसका नाम लाभार्थियों की सूची में डाल दिया गया है...
आरोग्य मित्र
national health agency
Logout
Search
अब चिंता की बात नहीं!
आयुषी अस्पताल में भर्ती हो जाती है और इलाज शुरू हो जाता है
भला हो सरकार की, आयुष्मान योजना की...
जी
दूसरे दिन परम, भारत और अपने परिवार के साथ आयुषी को देखने आता है..
सुकन्या समृद्धि योजना
बेटी बचाओ



अरे सुशीला, आयुषी का 'सुकन्या समृद्धि खाता' भी खुलवा लेना
सुकन्या समृद्धि योजना
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
सुकन्या समृद्धि योजना
यह बेटियों के लिए केंद्र सरकार की एक बचत योजना है
और ... समय-समय पर बिटिया को किसी सरकारी अस्पताल में टीके लगवाती रहना...
जी दीदी.
अब आपका घुटना कैसा है?
वैसा ही है!
काश! आयुष्मान योजना कुछ वर्षों पहले आ गई होती...
अब तो कुछ नहीं हो सकता!


कार्ड अभी बनवाऊँगी तो बीमा के अंतर्गत कार्ड मिलने से पहले की बीमारियाँ नहीं आएंगी
आरोग्य मित्र सब सुन लेते हैं...
ये गलत है!
बीमारी चाहे जब की हो, कार्ड मिलने से पहले या बाद की, आयुष्मान भारत के तहत आप सबका इलाज करा सकते हैं
सच दोस्त?
हाँ...हाँ !
तो चलो माँ, अभी भर्ती हो जाओ!
अभी? अभी कैसे होगा? कुछ पैसों का इंतज़ाम तो करना ही होगा...
आख़िर ये निजी अस्पताल है...
नहीं!


आयुष्मान भारत योजना का लाभार्थी अस्पताल में भर्ती होने के लिए कोई शुल्क नहीं चुकाएगा....
आरोग्य मित्र


अस्पताल में दाखिल होने से लेकर इलाज तक 5 लाख रूपये तक का खर्च इस योजना में कवर किया जायेगा
आयुष्मान भारत
PM-JAY
विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना
आयुष्मान भारत


परम की माँ का आयुष्मान भारत में पंजीकरण हो गया
आयुष्मान कार्ड मिल गया!


परम के मम्मी के घुटना का ऑपरेशन होता है




Printed and Published by Gulshan Rai of Diamond Comics on behalf of National Health Authority of India. Artwork by Sudhir Goswami. Copy Right: National Health Authority